तापमान

अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 22.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 2 सितंबर 2025

11 कला उत्सव में छात्रों ने मचाया धमाल



12 बरसाती नदिया उफान पर, मारकंडा-टांगरी ...



## खबर संक्षेप

### संत कंवर साहिब सात को सत्संग करेंगे



**पानीपत।** राधा स्वामी दिनोद के संत कंवर साहिब जी महाराज सात सितंबर को पानीपत के गोहाना रोड पर राधा स्वामी आश्रम में साध संगत को सत्संग एवं आशीर्वाद देंगे। यह जानकारी राधा स्वामी सत्संग दिनोद के सेवादार संदीप खरकिया ने देते हुए बताया कि सत्संग में हजारों की संख्या में राधा स्वामी के श्रद्धालु भाग लेंगे। सत्संग को विराम देने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

### रोडवेज कर्मचारियों की बैठक 5 को

**कुरुक्षेत्र।** ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन रजिस्टर्ड नंबर 1947 मुख्यालय यमुनानगर के सभी राज्य पदाधिकारी एवं अनुशासन समिति के सदस्यों की बैठक कुरुक्षेत्र यूनियन कार्यालय में 5 सितंबर दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे होगी। मीटिंग की अध्यक्षता अनुशासन समिति के चेयरमैन हरि नारायण शर्मा करेंगे एवं मीटिंग का संचालन राज्य महासचिव बलदेव सिंह मामू माजरा करेंगे।

### घर से 15 लाख के जेवर दो लाख की नकदी चोरी

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 24 निवासी गुंजन के घर से चोरों ने करीब 15 लाख रुपये के जेवर व करीब 1.90 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली गई। घटना के समय गुंजन परिजनों के साथ दिल्ली गई हुई थी। वहीं गुंजन ने बताया कि चोर उनके घर से सोने के दो कड़े, एक चेन, चार रिंग, कानों की बालियां, 10/ 12 नोज पिन, टॉप्स व चांदी का सारा और एक लाख नब्बे हजार रूपये की नगदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने गुंजन की शिकायत पर अज्ञात चोरों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वंचित छात्रों के लिए इग्नू में सुनहरा अवसर

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2025 सत्र के लिए दाखिलों की अंतिम तिथि 31 अगस्त से बढ़ाकर अब 15 सितम्बर कर दी है। यह जानकारी इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने दी। यह निर्णय विशेषकर उन विद्यार्थियों के लिए लाभकारी होगा जिन्हें मेरिट या अन्य कारणों से रेगुलर कॉलेजों में दाखिला नहीं मिल पाया। इग्नू के माध्यम से विद्यार्थी डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक और पीजी डिप्लोमा कार्यक्रमों में अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं। इग्नू केवल डिग्री ही नहीं बल्कि रोजगारोन्मुख और कौशल विकास से जुड़े कोर्स भी संचालित करता है।

### डिजिटल अरेस्ट से न घबराएं: एसपी

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने साइबर अपराध में एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने इससे बचने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठग अपराध करने के नए नए तरीके अपना रहें है। आमजन के जागरूक होने से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। साइबर ठग व्हाट्सएप कॉल कर डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर ठगी करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल अरेस्ट कुछ नहीं होता, ऐसा होने पर नागरिक साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं।

### किसानों के खेतों से चुराई मोटर की तारें

**यमुनानगर।** चोरों ने गांव नाहरपुर में बीती रात आधा दर्जन किसानों के खेतों से मोटर की तारें चोरी कर ली। इस दौरान चोर दो मोटरों को चोरी करके साथ ले गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव नाहरपुर निवासी हरपाल सिंह ने जठलाना पुलिस थाने में शिकायत दी है।

---

**कुरुक्षेत्र में मांगों को लेकर प्रदर्शन : हरियाणा किसान-मजदूर संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर एकत्र हुए कई संगठन**

# सीएम निवास घेरने जा रहे किसानों को पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर रोका

*धान में फीजी वायरस से हुए नुकसान की भरपाई करने व धान की सरकारी खरीद 15 सितंबर से शुरु करने सहित अन्य मांगों को लेकर कुरुक्षेत्र में सेक्टर 3 स्थित सीएम आवास का घेराव करने जा रहे प्रदेशभर के किसानों को पुलिस ने 500 मीटर पहले बैरिकेड्स लगाकर रोक दिया।*

## 9 को चंडीगढ़ में सीएम से मिलेगा शिष्टमंडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

हरियाणा किसान-मजदूर संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर धान में फीजी वायरस से हुए नुकसान की भरपाई करने व धान की सरकारी खरीद 15 सितंबर से शुरु करने सहित अन्य मांगों को लेकर सोमवार को कुरुक्षेत्र में सेक्टर 3 स्थित मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जा रहे प्रदेश भर के किसानों को पुलिस प्रशासन ने सीएम आवास से 500 मीटर पहले बैरिकेड्स लगाकर रोक दिया। इसके बाद किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम आवास पर जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा से बातचीत की। बातचीत सौहादपूर्ण माहौल में हुई। बातचीत के बाद उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बैरिकेड्स के समीप आकर किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी जिला स्तर की मांगों को जल्द पूरा किया जाएगा। इसके अलावा सरकार से जो मांग है उसकी बातचीत के लिए 9 सितंबर का समय मिला है। 9 सितंबर को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री के साथ किसानों के प्रतिनिधिमंडल की बातचीत करवा दी जाएगी। इसके बाद किसानों ने अपनी मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा।

- किसानों ने सीएम के नाम उपायुक्त को सौंपा मांगों का ज्ञापन



कुरुक्षेत्र। किसानों को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा। फोटो : हरिभूमि



करनाल। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते किसान। फोटो : हरिभूमि

### पिपली अनाज मंडी में एकजुट हुए

किसान पिपली अनाज मंडी में शेड के नीचे एकजुट हुए। अन्य जिलों से आने वाले किसानों के लिए पिपली अनाज मंडी में लंगर की व्यवस्था भी की गई। सुबह 11 बजे से ही किसान पिपली अनाज मंडी में जुटना शुरु हो गए। अनाज मंडी में किसानों को किसान नेता नवदीप जलबेड़ा, प्रिंस वडैच, दिलबाग सिंह, संजीव आलमपुर, संजू नंबरदार आदि ने संबोधित किया। दोपहर करीब एक बजे सैकड़ों किसान पिपली अनाज मंडी से पैदल सीएम आवास के घेराव के लिए रवाना हुए। सीएम आवास के नजदीक जिंदल चौक पर पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए बैरिकेड्स लगा दिए। मौके पर डीएसपी रामकुमार की अगुवाई में भारी पुलिस बल मौजूद रहा। वज्र वाहन भी मौजूद रहे। प्रशासन के मनाने पर किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम आवास पर मौजूद उपायुक्त से मुलाकात की। डीसी के आश्वासन के बाद किसानों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

### किसानों की प्रमुख मांगें

1. खाद-बीज की किल्लत दूर की जाए, नकली खाद-बीज बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।
2. धान की सरकारी खरीद 15 सितम्बर से शुरू की जाए, बासमती धान को एमएसपी पर खरीदो और 2000 रुपये एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाए।
3. जलभराव से निजात दिलाओ नदियों-नालों की सफाई और स्थायी ड्रेनेज व्यवस्था की जाए।
4. मंडियों में अनाज की तौल, सुखाई व उठान की प्रक्रिया पारदर्शी व कंप्यूटरीकृत किया जाए।
5. आवारा पशुओं से फसलों व नागरिकों की सुरक्षा करो, नीलगाय सूअर-छुट्टा सांड से किसानों का नुकसान रोकने की व्यवस्था की जाए।
6. धान में फीजी वायरस से हुए भारी नुकसान की भरपाई करो और समय पर रोकथाम के हो उपाय
7. पराली प्रबंधन के लिए दंडात्मक कानून खत्म करो और किसानों को आधुनिक मशीनें मुफ्त व 5000 रुपये एकड़ सहायता दी जाए।

### धान खरीद व खाद वितरण की शर्तें हटाने की मांग को लेकर किसान कुरुक्षेत्र पहुंचे

**करनाल।** किसानों की लंबित मांगों को लेकर आज करनाल में आंदोलन का माहौल गरमा गया। भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम) के नेतृत्व में सैकड़ों किसान राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीएचडी सिटी के सामने एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए कुरुक्षेत्र स्थित सीएम आवास के घेराव के लिए रवाना हुए। किसानों की सबसे प्रमुख मांग धान की खरीद 15 सितम्बर से शुरू करना और खाद वितरण में पोर्टल की बाध्यता समाप्त करना रही। किसानों ने 8 अगस्त को पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर सरकार को ज्ञापन सौंपे थे, मगर अब तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। सरकार किसानों को वार्ता के लिए बुलाने के बजाय उन्हें सड़क पर उतरने के लिए मजबूर कर रही है। प्रवक्ता ने कहा कि धान की खरीद में देरी से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। फिजी वायरस से प्रभावित धान की फसल का विशेष गिरदावरी कराकर मुआवजा देने, नकली बीज, ड्रेनों की सफाई करने, सिंचाई सुविधाओं में सुधार की शर्तें खत्म करने की भी मांग उठाई गई।

### नशा तस्कर को दो साल का कारावास



**पानीपत।** एएसजे भूपेंद्र चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ तस्कर बिलाल खान पुत्र अब्दुल वहीद निवासी राजीव का लो नी , मनाना रोड, समालखा को दोषी करार देते हुए दो साल के क ठो र कारावास की सजा सुनाई। वहीं 25 हजार रुपये जुर्माना किया, नहीं देने पर बिलाल को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि सीआईए टू ने बिलाल को 17 जनवरी 2022 को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। वहीं बिलाल पर हुडा सेक्टर 29 थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया था।

### पिहोवा: हादसे में फायरमैन की मौत





**पिहोवा।** ढांड रोड पर रविवार रात्रि एक कार की चपेट में आने से फायरमैन की मौत गई है। रात करीब 8 बजे वह अपनी ड्यूटी पूरी करके बाइक पर घर लौट रहा था। उसके पीछे ही चचेरा भाई भी अपनी बाइक पर आ रहा था। चचेरे भाई ने उनको अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान कुलवंत सिंह निवासी भटेड़ी के रूप में हुई है। कुलवंत सिंह फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट में फायरमैन की पोस्ट पर थे। पिहोवा के फायर स्टेशन पर उनकी ड्यूटी थी। ड्यूटी खत्म करने के बाद कुलवंत सिंह अपने चचेरे भाई राजेश कुमार की दुकान पर गए थे।

### यमुनानगर: व्यक्ति से बरामद हुई 25.52 ग्राम हेरोइन

**यमुनानगर।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की अंबाला यूनिट की टीम ने सोमवार को डॉग स्क्वॉड की मदद से चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने एक व्यक्ति को 25.52 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

एनसीबी गुरुग्राम यूनिट इंचार्ज इंस्पेक्टर महरूफ अली ने बताया कि टीम द्वारा नशा तस्करी के खिलाफ एक दिवसीय विशेष अभियान ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया। जिसके तहत गांव शादीपुर और करेड़ा खुर्द कॉलोनी में भी तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने नालीपार कॉलोनी रायपुर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25.52 ग्राम हेरोइन बरामद की। आरोपी की पहचान मोहम्मद महताब के रूप में हुई।

## मनोज हत्याकांड में पुलिस ने तीन दोस्तों को किया काबू

**शराब पीने के दौरान कहासुनी पर की थी वारदात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर



गांव फेरूवाला निवासी मनोज की हत्या मामले में व्यासपुर थाना पुलिस मृतक के तीन आरोपी दोस्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शराब पीने के दौरान कहासुनी होने पर सिर पर डंडा मारकर मनोज की हत्या की थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर उन्हें रिमांड पर लिया है। व्यासपुर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि गांव फेरूवाला निवासी शुभम ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि मनोज कुमार उसका चचेरा भाई था। जिसके पिता की दस वर्ष पहले मौत हो चुकी है। पत्नी से मनमुटाव के चलते तीन वर्ष पहले वह भी छोड़कर चली गई। अब वह अपनी मां शकुंतला के साथ रहता था। शुक्रवार की रात को मनोज के पास किसी व्यक्ति का फोन आया था। जिसके बाद वह घर से एक्टिवा लेकर निकला था। इसके बाद वापस नहीं लौटा। शनिवार को जब उसकी तलाश की तो रामखेड़ी अड्डे के पास मनोज की एक्टिवा खड़ी मिली थी। जहां दुकानदार ने बताया था कि मनोज का रिक्की, रजत व सुमित के साथ झगड़ा हुआ था। उसने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम का गठन किया।

### डकैती करने वाले गिरोह के दो सदस्य धरे

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र में दर्ज हथियार के बल पर डर दिखाकर डकैती करने के एक मामले में सीआईए-1 ने आरोपी अमर उर्फ डड्डू व आकाश को गिरफ्तार किया हैं। आरोपियों को छह दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि उनके हिस्से में 50 हजार रुपये आए थे इनमें से उन्होने काफी रुपये खर्च कर दिए हैं। पुलिस ने आरोपियों से 30 हजार रुपये बरामद किए हैं। आरोपी अमर उर्फ डड्डू ने बताया कि उसने पंजाब में भी छीना-झपटी की दो वारदातों को अंजाम दिया है।

आरोपियों ने थाना अंबाला शहर की सोनिया कॉलोनी के पास से लगभग 6 लोगों ने मिलकर हथियार के बल पर डर दिखाकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। इस वारदात में गांव सिंघावाला के रहने वाले दंपति से हथियार के बल पर नकदी व जेवरात लूट लिए गए थे।

**वारदात के बाद एक्शन में पुलिस: मौके का किया मुआयना खंगाले जा रहे हैं सीसीटीवी कैमरे, जल्द होगी गिरफ्तारी**

## ठेके के कारिंदे की गर्दन पर चाकू रखकर 5 हजार रुपये की लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

मलिकपुर गांव स्थित शराब के ठेके पर दो नकाबपोश युवकों ने चाकू की नोक पर कारिंदे से 5,090 रुपये लूट लिए। आरोपी वारदात के बाद बाइक पर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने क्षेत्र में नाकेबंदी कर जांच शुरू कर दी। थंबड़ के रामकरण ने बताया कि वह मलिकपुर स्थित ठेके पर काम करता है। रात करीब नौ बजे वह हिसाब-किताब कर रहा था कि तभी दो युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर आए। चाकू उसकी गर्दन पर तान दिया। नकदी लूटने के दौरान जब रामकरण ने विरोध किया तो चाकू उसकी एक अंगुली पर लग गया। वारदात के बाद आरोपी फोक्सा गांव की ओर भाग निकले। रामकरण ने बताया कि कि उसने शोर भी मचाया लेकिन उसे वक्त आसपास कोई न था। इसके उपरांत सीधे ठेकेदार को फोन कर सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर थाना प्रभारी प्रमोद राणा पुलिस टीम के साथ पहुंचे। रविवार सुबह सीआईए नारायणगढ़ की टीम भी जांच में जुट गई। पुलिस द्वारा आस-पास के गांवों में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने बताया कि सूचना मिलते ही वह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे । उन्होंने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरे फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जांच जारी है। जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



अंबाला। ठेका जिस पर लूट की वारदात हुई।

### पूर्व न्यायाधीश डॉ. आनंद वर्धन अंतरराष्ट्रीय विधि पुरस्कार से सम्मानित



**कुरुक्षेत्र।** पूर्व न्यायाधीश डॉ. आनंद वर्धन शर्मा को मानवाधिकार कार्यकर्ता के रूप में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्र ति ष्ठि त अंतर्राष्ट्रीय विधि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनके सम्मानित किए जाने को लेकर कुरुक्षेत्र के मानवाधिकार पदाधिकारियों महेश शर्मा, संजीव शर्मा, शिब्बू शर्मा और अन्य कार्यकतार्ओं में खुशी की लहर है। बार एसोसिएशन, भारतीय बार काउंसिल द्वारा इंडियन हैबिटेट सेंटर नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय विधि नियम सम्मेलन/ सम्मेलन में डॉ. आनंद वर्धन शर्मा, पूर्व न्यायाधीश, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के मुख्य राष्ट्रीय संयोजक एवं आईसीएचआर के सदस्य, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त, जिनेवा, स्विट्जरलैंड को सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम | दोनो देशों के बीच बागवानी पर तकनीकों को साझा किया जाएगा**

## बागवानी को बढ़ावा देने के लिए नीदरलैंड और फ्रांस के लिए प्रतिनिधिमंडल होगा रवाना: श्याम सिंह राणा

- मंडियों में खरीद प्रबंधों को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पिहोवा

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि बागवानी को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को नीदरलैंड और फ्रांस के लिए प्रतिनिधि मंडल रवाना होगा। इस दौरान वहां दोनो देशों के बीच बागवानी पर तकनीकों को साझा किया जाएगा। विदेश से बागवानी किसानों के लिए फायदेमंद तकनीक को लेकर मसौदे तय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम 6 दिन के लिए आयोजित होगा। इस मंडल में उनके साथ विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, भगवान दास कबीर पंथी, कपूर सिंह सहित कृषि विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पंकज अग्रवाल, डायरेक्टर अर्जुन सैनी, साकेत कुमार, मुकुल कुमार एमडी, कुलदीप सैनी सहित कई अधिकारी पहुंचेंगे। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा सोमवार को अनाज मंडी में राजबीर तंवर के प्रतिष्ठान पर बातचीत कर रहे थे। कृषि मंत्री कहा कि कृषि के साथ-साथ बागवानी फायदेमंद कार्य है। इसे देखते हुए इस बार सरकार ने बागवानी का बजट भी बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि मंडियों में खरीद प्रबंधों को दुरुस्त करने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सरकार का फोकस है कि खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाकर पक्के फड़ बनाए जाएं ताकि बरसात के समय में और धान की फसल सुखाने में किसानों को कोई परेशानी न हो। इस मौके पर धर्मवीर अत्री, सोहनलाल सैनी, भागा राम सैनी, जयचंद सैनी भगत, पाला राम सैनी, अनिल मल्होत्रा, अशोक कुमार, मंगत राम, सुभाष शर्मा, मोहन राणा चनालहेड़ी, मंडी प्रधान नवीन गर्ग, नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, इंस्पेक्टर हंसराज, भूपेंद्र सिंह संधू, रामकुमार, बृजपाल राणा, विक्रम राणा चनालहेड़ी, अनंत राम, जगत सिंह चंडीगढ़ फॉर्म, रघुविंद्र मोरथली, बलदेव मुर्तजापुर, गुलशन राणा, सुखबीर सैनी सैंसा, डॉ. सतीश सैनी, बंटी सिंगला सहित कई व्यापारी व किसान मौजूद रहे।



पिहोवा। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### सतर्कता विभाग ने पूर्व विधायक के कब्जे के आरोपों को जांचा

**समालखा।** सतर्कता विभाग के चीफ विजिलेंस ऑफिसर रामेश्वर मेहरा ने पूर्व कांग्रेसी विधायक भरत सिंह छोकर पर गली कब्ज़ा कर पेट्रोल पम्प व कोठी बनाने के लगे आरोपों की मौका पर आकर जांच की। लोकायुक्त के आदेश पर चंडीगढ़ से जांच करने समालखा आए चीफ विजिलेंस ऑफिसर ने नगर परिषद के सचिव मनीश शर्मा, एमई राजकुमार व जेई गौरव से आरोपों बारे पूछताछ की, रिकॉर्ड तलब किया व मौका पर जा कर मुआयना भी किया। स्मरणीय है कि यह कार्रवाई शिकायतकर्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर द्वारा लोकायुक्त जस्टिस हरिपाल वर्मा को गत 20 मार्च 2025 को सबूतों सहित दी शिकायत पर हुई है। वहीं, चीफ विजिलेंस ऑफिसर जल्द ही अपनी जांच रिपोर्ट चीफ सेक्रेटरी की मार्फत लोकायुक्त को भेजेंगे।

- भरत पर गली कब्ज़ा कर पेट्रोल पंप व व कोठी बनाने के आरोप

## खबर संक्षेप

### महापुराण कथा सुनने से जीवन सफल हो जाता

**घरौंडा।** आचार्य मणि प्रसाद गौतम ने कहा कि शिव महापुराण कथा सुनने से जीवन सफल हो जाता है और सभी बाधाएं दूर होती हैं। देवाधिदेव महादेव की पूजा अर्चना करने से समस्त प्रकार के विकार रोग समाप्त हो जाते हैं। इसलिए शिव महापुराण कथा सुननी चाहिए। श्री आचार्य मणि प्रसाद गौतम जी महाराज सोमवार को श्री गणपति सेवा समिति की ओर से आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री शिव महापुराण कथा सुनने से अमृत समान पुण्य प्राप्त होता है,इसी के साथ अगर कोई पापी भी कथा सुनता है तो उन्हें भी शिव

### शिविर में 18 स्वयंसेवकों ने की भागीदारी

**घरौंडा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हरियाणा प्रांत का घोष शिविर हरिनाथ 29 से 31 अगस्त तक रोहतक रहा। इसमें हरियाणा से 450 स्वयंसेवकों में करनाल जिले से 18 स्वयंसेवकों ने भागीदारी की। इस कार्यक्रम के समापन में मुख्य वक्ता अखिल भारतीय सह सर कार्यवाह आलोक और मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर संदीप कुमार रहे।मुख्य वक्ता सह सर कार्यवाह आलोक ने अपने संबोधन में परिवार के सभी सदस्यों को सप्ताह में एक बार एक निश्चित समय पर मिलना चाहिए, घर पर भक्तिभाव से भजन करना चाहिए, घर का बना खाना खाना चाहिए और तीन से चार घंटे चर्चा में बिताने चाहिए कि हम कौन हैं, हमारे पूर्वज, पारिवारिक परंपराएँ, क्या उचित है और क्या अनुचित, आज क्या बदल सकता है और क्या बदलने की ज़रूरत है।

### सीजेएम ने वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने वन स्टॉप सेंटर कुरुक्षेत्र का दौरा किया। वहां पर उन्होंने वहां की कार्यप्रणाली को देखा, विक्टिमस को दी जाने वाली सुविधाओं को जाना। वहां की साफ सफाई का जायजा लिया और उनके रजिस्टर भी चेक किए।

### 10 सितंबर तक खुला रहेगा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा से ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को 10 सितंबर 2025 तक खोला जा चुका है।

## डीसी उत्तम सिंह ने अधिकारियों की टीम के साथ दौरा कर सरपंचों व ग्रामीणों से की बातचीत

# हथिनी कुंड बैराज से तीन लाख उनतीस हजार क्यूसिक पानी छोड़े जाने से यमुना उफान पर, बाढ़ का खतरा

नदी का पानी तटबंधों को छू रहा है और यमुना मे ज्यादा पानी आने पर पानी गांवों में भी घुस सकता है

**पहाड़ों में हो रही तेज बारिश के कारण सोमवार सुबह 9 बजे हथिनी कुंड बैराज से तीन लाख उनतीस हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने से बढ़ी चिंता**

1 यमुना में बढ़ते जलस्तर को देखते प्रशासन अलर्ट

2 डीसी ने अधिकारियों को 24 घंटे निगरानी के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

पहाड़ों मे हो रही लगातार बारिश के चलते हथिनी कुंड बैराज से सोमवार को तीन लाख उनतीस हजार क्यूसिक पानी छोडे जाने इंद्री के दर्जनों गांवों से होकर गुजर रही यमुना नदी में पानी पूरे उफान पर है। जिसके चलते यमुना नदी के साथ लगते गांवों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। नदी का पानी तटबंधों को छू रहा है और यमुना मे ज्यादा पानी आने पर पानी गांवों में भी घुस सकता है। गौरतलब है कि पहाड़ों हो रही तेज बारिश के के कारण सोमवार सुबह 9 बजे हथिनी कुंड बैराज से तीन लाख उनतीस हजार क्यूसिक पानी छोड़े जाने से बाढ़ का अंदेशा ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है । यमुना नदी से सटे इंद्री के दर्जनों गांवों नबियाबाद, जपती छपरा, सैयद छपरा,मूसेपुर, समसपुर, कलसौरा, नगली, डेरा हलवाना व गढ़पुर टापू आदि में बाढ़ का खतरा बना हुआ है। पानी को लेकर प्रशासन ने गांव वासियों को सूचित भी किया था । प्रशासन की तरफ से गांववासियों को आश्वस्त किया जा रहा है कि बैराज से छोडा गया पानी सामान्य है और पानी आगे की ओर निकल जाएगा। यमुना के साथ लगते गांवों के ग्रामीणों का कहना है कि और ज्यादा पानी ऐसे ही छोड़ा जाता रहा तो स्थिति खराब हो सकती है।

डीसी ने कहा, प्रशासन पूरी तरह से सजग है और संबंधित विभाग के अधिकारी को अलर्ट किया गया है कि वे 24 घंटे स्थिति पर कड़ी नजर बनाए रखें। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सावधानी बरतें तथा यमुना के तटबंधों के नजदीक अनावश्यक रूप से न जाएं। प्रशासन के साथ-साथ ग्रामीणों को भी सजग रहने की जरूरत है, इसके साथ-साथ तटबंधों पर भी नजर बनाए रखें। अगर कहीं पर भी आबादी देह में पानी घुसने की संभावना नजर आए तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। इंद्री के एसड़ीएम अशोक मुंजाल ने कहा कि हथिनी कुंड बैराज से छोड़े गए पानी की सूचना के बाद प्रशासन अलर्ट है। अभी स्थिति सामान्य है। प्रशासन द्वारा बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए अपनी ओर से पूरी तैयारियां की हुई है। उन्होंने यमुना क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे यमुना नदी की ओर ना जाएं व घर पर रहे।



इंद्री के पास से गुजर रही यमुना नदी उफान पर। फोटो : हरिभूमि

#### किसान ने बताई आपबीती

गांव कलसौरा के किसान नेता राहुल ने बताया कि उनकी जमीनें यमुना नदी के नजदीक पड़ती है और जब भी बाढ़ आती है तो उनकी फसलों का बहुत नुकसान होता है। पिछली बार जब बाढ़ आई थी तब उनकी सारी फसलें बर्बाद हो गई थी। राहुल ने बताया कि सरकार मुआवजे के नाम पर खानापूर्ति ही करती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की यमुना के साथ लगते किसानों को साठी धान लगाने की परमिशन दी जाएं।

#### मौके पर पहुंचे डीसी

यमुना नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए डीसी उत्तम सिंह ने अधिकारियों की टीम के साथ इंद्री ब्लॉक के गांव कलसौरा में पहुंचकर यमुना के तटबंधों और पानी के बहाव का जायजा लिया और संबंधित ग्राम पंचायतों व ग्रामीणों से बातचीत की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होने कहा कि पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण यमुना के जलस्तर में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है।



इंद्री। ग्रामीणों से बातचीत करते डीसी उत्तम सिंह। फोटो : हरिभूमि



इंद्री। प्रशासन द्वारा बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए भरे गए कट्टे व खड़ी जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

## पंजाब में भेजेंगे राहत सामग्री

# बाढ़ को लेकर हुई भाकियू की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- भाकियू की मासिक बैठक में किसान मुद्दों पर चर्चा

सुरेंद्र सिंह घुम्मन की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रतनमान विशेष रूप से मौजूद रहे।

बैठक में पंजाब में आई भयंकर बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए सहायता अभियान की रूपरेखा तय की गई। निर्णय लिया गया कि एक सप्ताह के भीतर राशन और आवश्यक सामग्री की पहली खेप भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के माध्यम से पंजाब भेजी जाएगी। इसके लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं और तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। रतनमान ने बताया कि चंडीगढ़ किसान भवन में राहत सामग्री एकत्रित करने के लिए विशेष कैंप लगाया गया है जिसकी निगरानी स्वयं राकेश टिकैत कर रहे हैं। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक सहयोग की अपील की। बैठक में गांव कोहंड के किसान मदन रावल को यूको बैंक द्वारा परेशान किए जाने का मुद्दा भी उठा। तय किया गया कि 11 सितम्बर को करनाल में बैंक के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा और पुतला दहन कर विरोध जताया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा जाएगा।

इस अवसर पर सुरेंद्र बैनीवाल, शाम सिंह मान, सुरेंद्र सागवान, यशपाल राणा, जोगिंद्र बस्तली, रणजीत जलमाना, नेकी राम, राम दुरेजा, बाबूराम डाबरथला, रमेश बरसत, महेंद्र मडाढ, महताब कादियान आदि रहे।



किसान भवन में किसानों को संबोधित करते किसान नेता रतनमान।

#### स्मार्ट मीटर का विरोध

प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा घरों में स्मार्ट मीटर लगाने की योजना का जोरदार विरोध किया जाएगा। इस संबंध में गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह निर्णय हाल ही में नरवाना में हुई संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा की बैठक में लिया गया है।

## बिजनेसमैन अमित गुप्ता ने आरोप बताए निराधार

# करनाल के नामी बिजनेसमैन पर दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज करनाल।

करनाल के एक नामी बिजनेसमैन अमित गुप्ता पर झारखंड की रहने वाली एक प्रवासी महिला ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि काम के बहाने उसे कई बार बुलाकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए गए। शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता के मुताबिक, वह करीब तीन साल पहले काम की तलाश में दिल्ली आई थी। एक माह पहले वह एजेंसी के जरिए करनाल पहुंची और यहां 5 अगस्त को बिजनेसमैन अमित गुप्ता के घर काम करने लगी। महिला का आरोप है कि काम के तीसरे दिन आरोपी ने जबरन कमरे का दरवाजा बंद कर लिया और उसके साथ गलत हरकत की। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने धमकाते हुए चुप रहने का दबाव बनाया और लालच भी दिया कि वह किसी को न बताए। उधर, मामला दर्ज होने के बाद आरोपी बिजनेसमैन अमित गुप्ता का कहना है कि उन्हें जानबूझकर फंसाने की कोशिश की जा रही है। सभी आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। अमित करनाल के बड़े बिजनेसमैन माने जाते हैं और हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

#### 16 अगस्त को घर छोड़कर निकली पीड़िता

पीड़िता के अनुसार, बार-बार शोषण और धमकी से परेशान होकर वह 16 अगस्त को आरोपी के घर से निकलकर दूसरी जगह रहने लगी। इसके बाद 22 अगस्त को उसने महिला थाना मॉडल टाउन पहुंचकर लिखित शिकायत दी।

#### पुलिस ने दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज किया

शिकायत के आधार पर एसआई गीता ने मामले की जांच शुरू की और थाने स्तर पर एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने अमित गुप्ता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म) और 351 (हमला) के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराकर सैंपल फोरेंसिक लैब भेज दिए हैं।





### मां का अपमान नहीं सहेगा के नारों के बीच फूंका कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला

करनाल। करनाल के कमेटी चोंक पर कांग्रेसी नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। बारिश के बावजूद भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के नेतृत्व में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेसी नेताओं द्वारा दरभंगा में कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की माता को लेकर कहे गए आपत्तिजनक शब्दों के विरोध स्वरूप कांग्रेसी नेता राहुल गांधी का करनाल के प्रसिद्ध कमेटी चोंक पर पुतला फूंका गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने राहुल गांधी से देश से माफी मांगने की मांग करते हुए कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को पूरे देश से इस कृत्य के लिए देश से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

## मरीजों को नि:शुल्क दिया जा रहा तकनीक का लाभ

# मरीजों को 31 अक्टूबर तक रोबोटिक तकनीक उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पार्क अस्पताल, करनाल में मरीजों को 31 अक्टूबर तक निःशुल्क रोबोटिक जॉइंट रिसर्फेसिंग तकनीक उपलब्ध होगी। एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बोलते हुए डायरेक्टर आर्थोपेडिक्स और रोबोटिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी, डॉ भानु प्रताप सिंह ने कहा कि पार्क महोत्सव के तहत अस्पताल में मरीजों को 31 अक्टूबर तक निशुल्क रोबोटिक तकनीक उपलब्ध करवाई जा रही है, जिसका उद्देश्य हर वर्ग के लोगों के लिए उन्नत स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाना है। इस अवसर पर अस्पताल ने 600 से अधिक रोबोटिक जॉइंट रिसर्फेसिंग सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी करने और अपने अत्याधुनिक रोबोटिक आर्थ्रोप्लास्टी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के शुभारंभ की भी घोषणा की। कंसलटेंट ऑर्थोपेडिक्स डॉ शरद चौधरी ने कहा कि भारत में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। अब 3डी ऑगमेंटेड रियलिटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से सशक्त रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी केवल 12-15 मिनट में पूरी हो जाती है। इसमें ज्यादा रक्त चढ़ाने, टांके और ड्रेन लगाने की आवश्यकता नहीं होती है। यह सर्जरी सिर्फ 3.5-4 इंच की छोटी चीरा विधि से की जाती है।



करनाल। रोबोटिक तकनीक की जानकारी देते चिकित्सक।

### सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ हादसा आरोपी काबू

**करनाल।** करनाल की ठंडी सड़क पर डीसी आवास के बाहर हुए कार और ई-रिक्शा हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें पूरा हादसा रिकॉर्ड हुआ। इस भीषण टक्कर में ई-रिक्शा सवार विजय की मौत हो गई थी, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था।
घटना 30 अगस्त की है जब माल रोड पर एक रिट्ज कार ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में विजय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में भर्ती है। इस दुर्घटना के बाद मृतक विजय के परिजन मौके पर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन थाने और पोस्टमार्टम हाउस तक धरने पर बैठ गए। तीसरे दिन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया।



### आर्य समाज मंदिर भवन में प्रगतिशील लेखक संघ की आमसभा, नई कार्यकारिणी गठित

करनाल। आर्य समाज मंदिर भवन सेक्टर 13 के सभागार में अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ हरियाणा की करनाल, पानीपत और कैथल इकाइयों की संयुक्त आमसभा आयोजित हुई। सभा में बड़ी संख्या में लेखकों ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित लेखकों ने समाज के प्रति साहित्यकारों की भूमिका और जिम्मेदारी पर विचार-विमर्श किया। पिछले तीन वर्षों से कार्यरत कार्यकारिणी का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा होने पर उसे भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से डॉ. अशोक भाटिया को संरक्षक, जगदीश सिंह विर्क को अध्यक्ष, प्रकाश सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिल ख्याल को उपाध्यक्ष, डॉ. करनैल चंद को सचिव, भूपेंद्र सिंह (कैथल), कृष्ण गंभीर (करनाल) और अमनदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने लोगों से मिलकर चाय पर की चर्चा

# विधायक ने सुनीं समस्याएं अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के गांव जरीफाबाद और पूंडरक का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगों से घरों में जाकर चाय पर चर्चा की और तत्काल समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। जरीफाबाद में वे सन्नी कश्यप के निवास स्थान और पूंडरक में दर्शन खटाना के निवास स्थान पर पहुंचे। इस दौरान सड़क निर्माण, जल निकासी, पेयजल आपूर्ति और रोजगार जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में करनाल में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं और नई-नई परियोजनाओं से जनता को लाभ मिल रहा है।

कार्यक्रम में बिट्टू (पूर्व सरपंच, काछवा), बंसीलाल कलामपुरा (महामंत्री, रामनगर मंडल), राजीव कश्यप, रविंद्र कश्यप, रघुबीर सिंह (पूर्व सरपंच), दया सिंह (पूर्व सरपंच), हरीश कश्यप, सुखदेव आर्य, सलिंद्र पाल सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।



करनाल। गांव जरीफाबाद और पूंडरक लोगों की समस्याएं सुनते विधायक।

**धार्मिक**

## एकल शास्त्रीय नृत्य में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल ब्याना की प्राची प्रथम

# खंड स्तरीय कला उत्सव में विद्यार्थियों ने बिखेरे गायन व नृत्य के रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

खंड शिक्षा कार्यालय इंद्री के सभागार में बीईओ धर्मपाल चौधरी के निर्देशन में खंड स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में खंड के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने गायन, वादन, नृत्य, दृश्य कलाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में बीआरपी रविन्द्र कुमार, हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा, संगीत प्राध्यापक अश्वनी भाटिया, सोनिया व प्राथमिक शिक्षक प्रवीन सचदेवा शामिल रहे। शास्त्रीय संगीत के तहत वादन में सितार वादन करके राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ब्याना की छात्रा प्राची ने पहला स्थान प्राप्त किया। पीएम श्री राजकीय स्कूल इंद्री के विद्यार्थी अमनदीप ने दूसरा और डबकौली कलां स्कूल की सिमरन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। समूह लोक वादन (वाद्यवृंद) में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री के विद्यार्थियों-हरमन, अमनदीप, अतुल सिंह व अजीत ने बैंजो, डेरू, नगाड़ा, गबचू, चिमटा, घड़वा, ढोलक, तांसा व घुंघरू सहित अनेक वाद्य यंत्रों का वादन करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और टीम ने पहले स्थान पाया । एकल शास्त्रीय नृत्य में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल ब्याना की छात्रा प्राची ने कत्थक नृत्य किया और पहला स्थान पाया। राजकीय कन्या स्कूल इंद्री की छात्रा बिंदु ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। समूह गायन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, डबकौली कलां के विद्यार्थियों-भूमि, पायल, माफी, सिमरन की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। द्विआयामी दृश्य कला में पीएम श्री स्कूल इन्द्री के हर्ष ने पहला और निशांत ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इन्द्री की टीम ने पहला, डबकौली कलां की टीम ने दूसरा और मुरादगढ़ व कन्या स्कूल इंद्री की टीमों ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।



इंद्री। खंड स्तरीय कला उत्सव मे विद्यार्थियों के साथ अध्यापक।

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस मौके पर बीआरपी धर्मेंद्र चौधरी, संजीव कुमार, सीमा, मीना, सरिता कांबोज, सतीश कांबोज,एबीआरसी डॉ. बारू राम, निशा, युगल किशोर, सुखविंद्र कांबोज, नीतू, सविता, प्रियंका, शैलजा, युगल किशोर, ललतेश, अनुपमा, अनिल आर्य, रजत कुमार व महिन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### गोगा मेड़ी मेला में श्रद्धालुओं का तांता

**इसराना।** पानीपत के गांव मांडी में जाहरवीर गोगा मेड़ी सेवा समिति द्वारा गोगा नवमी का मेला धूमधाम स आयोजित हो रहा है। मेले की व्यवस्था को सुचारू रखने को पुलिस प्रशासन का सहयोग लिया जा रहा है। जाहरवीर गोगा मेडी समिति के प्रधान राजरूप, उप प्रधान सुरेश कुमार, सचिव महेंद्र सिंह, सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र ने मेले के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं, श्रद्धालु गोगा को नीला वस्त्र और गुड़-चून अर्पित कर रहे है।

### पुलिस ने शराब तस्कर पकड़े

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक ने पूरेवाल कॉलोनी निवासी विकास पुत्र पालेराम व समालखा चौकी पुलिस ने पंचवटी निवासी समालखा पंचवटी कॉलोनी निवासी अशोक पुत्र मदनलाल को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज करवाए गए है।

### छात्राओं ने सद्भावना का ज्ञान लिया

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल पीजी महाविद्यालय सिवाह पानीपत में प्रेम रावत फाउंडेशन के द्वारा मेंटल हेल्थ डे के अंतर्गत वर्कशॉप चल रही है। जिसमें प्रेम रावत फाउंडेशन की तरफ से कार्यकर्ताओं द्वारा छात्राओं को शांति सद्भावना सहानुभूति प्रेम आत्मविश्वास जैसे दस प्वाइंटों के अंतर्गत 10 दिन की कार्यशाला के दौरान अवगत कराया जाएगा। ताकि छात्राएं तनाव से बचते हुए शांतिपूर्ण जीवन का आनंद ले सकें जीवन में आने वाली समस्याओं का सामना विवेक पूर्ण तरीके से कर सकें। उपरोक्त जानकारी प्रिंसिपल डॉ सुमन लता ने दी।

### लोजपा के महासचिव बने नरेश कुमार

**पानीपत।** लोक जनशक्ति किसान प्रकोष्ठ सेल के प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र कौशिक का लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में पहुंचने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूल-माला व पगड़ी पहनाकर कर स्वागत किया। वहीं कौशिक ने हरियाणा में प्रदेश महासचिव मास्टर नरेश कुमार कश्यप, सचिव राजेश कुमार सोनी को जिम्मेदारी देकर नियुक्ती पत्र सौंपा।

### मंदिर में चतुर्वेद शतक महायज्ञ किया

**पानीपत।** आर्य समाज मंदिर हुडा सेक्टर 12 में तीन दिनों से चल रहे चतुर्वेद शतक महायज्ञ एवं वेद कथा सम्मेलन का प्रधान आर्य सुरेश मलिक की अध्यक्षता में समापन हुआ। प्रातः काल के सत्र में डॉ.मनुदेव के सानिध्य में चतुर्वेद शतक महायज्ञ की पूर्णाहुति की गई। भजनोपदेशक विवेक पथिक ने भजनों के माध्यम से स्वामी दयानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। वेद कथा में गुरुकुल कांगड़ी से पधारे आचार्य डॉ.दीन दयाल ने बच्चों को वेद मंत्र के माध्यम से मित्र के महत्त्व की जानकारी दी। इस अवसर पर केआर छोक्कर, राजकुमार त्यागी, शारदा, बेला भाटिया, शकुन्तला व राजरानी आदि मौजूद रहे।

### आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल चैंपियन बना

**पानीपत।** आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल ने हांसी के श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में आयोजित विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में तीसरी बार चैंपियन बना है। आर्य गर्ल्स की खिलाडियों दीपिका ने 400 मीटर रेस में स्वर्ण पदक, 800 मीटर में कांस्य, डिस्कस थ्रो में मन्नत ने स्वर्ण पदक, शोट पुट में मन्नत ने ब्रांज मेडल, 4100 मीटर रिले रेस में में दीपिका, आरुषि, अनुष्का, अंजलि, महक, इत्यादि खिलाडियों ने अपने-अपने खेल में रजत पदक व 4400 रिले रेस में भी स्वर्ण पदक जीता है।

### प्रशासन ने जन सुनवाई की

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और अधिकारियों की मौजूदगी में उनका तुरंत समाधान किया गया। निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने जनता की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए कहा कि समाधान शिविर का मकसद केवल समस्याएं सुनना नहीं बल्कि उनका समयबद्ध समाधान करना है।

## यमुना नदी तीसरी बार खतरे के निशान से 205.33 मीटर के पार

# पानीपत में खतरे के निशान से ऊपर यमुना का पानी, तलहटी के गांवों में बाढ़ का खतरा

### निचले इलाके में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह



पंजाब में बाढ पीडितों की मदद के लिए चंदा एकत्र करते हुए भाकियू के पदाधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि



यमुना नदी पर डेरा डाले खडे गांव हथवाला के किसान फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

यमुना नदी का जल स्तर लगातार बढ रही है वहीं नदी में अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने से पिछले कई दिनों से यमुना तलहटी में बसे गांवों पर लगातार बाढ़ का खतरा बना हुआ है। इस मानसून में यमुना तीसरी बार खतरे के निशान 205.33 मीटर के ऊपर पहुंच गई है। जिससे यमुना नदी किनारे बसें गांवों के ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। निचले इलाके में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी जा रही है। यमुना जल स्तर बढ़ जाने के कारण फसलें जलमगन हो गई है।

### यमुना के रिंग बांध पर कडी नजर


जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. किरण ने सोमवार को बरसात के मौसम को देखते हुए यमुना नदी के रिंग बांधों का गांव राणा माजरा, पत्थर गढ़, तमाशाबाद जलमाना, खोजकीपुर, हाथवाला, बिलासपुर के रिंग बांधों के निरीक्षण किया और यहां पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई। वहीं, हर आधा घंटे में यमुना का जलस्तर बढ़ रहा है। इसके मद्देनजर गांव में ठीकरी पहरा लगावाया गया है।

### बाढ पीड़ितों की मदद को उठे हाथ

*भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर की जिला इकाई ने पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए पहल की है। चौधरी छोटू राम किसान भवन गांव इसराना में आयोजित बैठक में रोहताश राठी, रणवीर सिंह चमराड़ा, मनोज जागलान ने बताया कि वे गांव-गांव जाकर ट्रैक्टर-ट्राली से जाकर राहत सामग्री इकट्ठा कर रहे है। सभी सामान को स्थानीय गुरुद्वारों में जमा किया जाएगा। फिर इसे पंजाब भेजा जाएगा। इधर, किसान भवन इसराना के प्रधान देवेंद्र जागलान और जिला प्रधान शमशेर पूनिया व शमशेर मलिक, नरेश मिटान, बलबीर जागलान, अमृत पाल सिंह उरलाना, दिलबाग सिंह बिझोल, राजेंद्र जागलान, बिजेंद्र गाल्याण आट्टा, सुरेंद्र शर्मा और कला नंबरदार बैठक में एकत्रित डेढ़ लाख रुपए की राशि को राहत कोष में जमा करवाएंगे।*

## स्टार्टअप बनाया, दस लाख रुपये की स्पॉन्सरशिप मिली

# पाइट के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया



पाइट में मेधावी विद्यार्थियों के पुरस्कृत करते हुए वाइस चेयरमैन राकेश तायल।


हरिभूमि न्यूज ▸▸| समालखा

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी के विद्यार्थियों ने इनोवेटिव स्टार्टअप कन्वर्टली बनाया है। इनका ये स्टार्टअप सेल्स प्रक्रिया को पूरी तरह से ऑटोमेटेड कर देता है। सीएसई एआइएमएल और बीसीए के छात्रों के इस स्टार्टअप को दस लाख की स्पॉनसरशिप भी मिल गई है। कॉलेज में इन छात्रों को सम्मानित किया गया। पाइट के सचिव सुरेश तायल ने बताया कि इन छात्रों ने वाइआइ स्टार्टअप लॉन्चपैड में भाग लिया था। छात्रों के स्टार्टअप को देखते ही कंपनियों ने अपनी ओर से फंडिंग करने की पहल कर दी। वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि छात्रों का कन्वर्टली एक ऑटोमेटेड सेल्स एजेंटिक प्लेटफॉर्म है। विद्यार्थियों ने आइडिया से लेकर प्रोटोटाइप और रियल-मार्केट टेस्टिंग तक विकसित किया है।

### सेल्स का काम आसान

पाइट के निदेशक डॉ. शक्ति कुमार, एआइएमएल विभाग अध्यक्ष डॉ.देवेंद्र प्रसाद, एमसीए-बीसीए विभाग अध्यक्ष डॉ.दिनेश वर्मा, मेंटर डॉ. रिचा चौधरी एवं दीपक सिंगला ने भी छात्रों को सम्मानित किया। स्टार्टअप के संस्थापक आकर्षण मिश्रा, फ्रंट एंड डेवलपर मीत बठला, यूआइ डिजाइनर अंशिका जैन ने बताया कि उनके सॉफ्टवेयर से सेल्स का काम काफी आसान हो जाएगा।

# क्विज से विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि होती है : गोयल



एसडी कॉलेज में क्विज के विजेता विद्यार्थी प्रसन्न मुद्रा में।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा एवं टैलेंट को उजागर करने हेतु तथा उन्हें उचित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा प्रायोजित मेगा टेलेंट हंट शो के दूसरे दिन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नारायण, लक्ष्य और शुभम की टीम ने बाजी मार प्रथम स्थान पर कब्जा किया। कार्यक्रम का विधिवत आगाज कॉलेज प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने किया। उनके साथ कॉलेज में सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रभारी डॉ.मोनिका खुराना, प्रो.अन्नू आहूजा, डॉ.संतोष कुमारी, डॉ.दीपा वर्मा तथा अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। क्विज प्रतियोगिता क्विज मास्टर प्रो.अन्नू आहूजा और प्रो.डेनसन डी पॉल की देख-रेख में संपन्न हुई। अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कार भेंट किये गए। वहीं डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं के ज्ञान में वृद्धि होती है और उनमे आत्मविश्वास के भाव का संचार होता है। क्विज में भाग लेने से हमारी खुद की समझ भी व्यापक बनती है। वहीं, प्रश्नोत्तरी में प्रथम नारायण, लक्ष्य और शुभम बीए प्रथम, द्वितीय रोहित, अनुज और दिव्यांशु एमए अंग्रेजी प्रथम, तृतीय खुशी, इशिका और श्वेता बीए अंग्रेजी आनर्स रहे।

### इग्नू का लाभ लें विद्यार्थी

**पानीपत।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल बताया की इग्नू ने जुलाई 2025 सत्र के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन और ओडीएल माध्यम से दाखिले की अंतिम तिथि को 31 अगस्त से बढ़ाकर अब 15 सितंबर कर दिया है। यह निर्णय उन छात्रों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है जिन्हें मेरिट या अन्य कारणों के चलते पूर्व में दाखिला नहीं मिल सका था।

### मानसून में फैलते हैं रोग

**पानीपत।** बारिश का मौसम अपने साथ कुछ बीमारियां भी लेकर आता है। बारिश के मौसम में रहन-सहन से लेकर खानपान तक का ध्यान रखना भी काफी ज्यादा जरूरी है। इस बारे में एसएमओ संजय आंतिल ने कहा कि बारिश के मौसम में सबसे पहले अपने खान-पान में सुधार करना जरूरी है। खासतौर पर ऐसे मौसम में अपने घर से बाहर जंक फूड और ऐसी ही अन्य चीजों को खाने से बचना ही सबसे बेहतर होता है। डा.पवन ने बताया कि बारिश के मौसम में काफी देर से कटे हुए रखे फल और सब्जियों से भी दूरी बनानी चाहिए।

# पानीपत को विकसित बनाएंगे : प्रमोद

- पार्षद रजनी सुरेन्द्र गर्ग ने कहा शहर में निर्माण कार्यों की गति ने रफ्तार पकड़ी है और शहर में तेजी से विकास कार्य हो रहे है।

### *वार्ड 17 में 1.45 करोड़ रुपये की लागत से बनेगी कंक्रीट की सड़क*



विधायक प्रमोद विज व मेयर कोमल का अभिनंदन करते हुए वार्ड 17 के निवासीगण।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पानीपत के वार्ड 17 में गोहाना रोड से सदानंद स्कूल तक लगभग 1.45 करोड़ रुपये की लागत से कंक्रीट की सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा। सोमवार को पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज, नगर निगम मेयर कोमल सैनी, पार्षद रजनी सुरेन्द्र गर्ग ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता इंद्र पाल से नारियल तुड़वाकर कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक विज और मेयर कोमल सैनी का स्थानीय निवासियों द्वारा पुष्पवर्षा और फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

वार्डवासियों का कहना है कि सड़क का कार्य काफी समय से लंबित पड़ा था तथा यह क्षेत्रवासियों की पुरानी मांग है। सड़क निर्माण से बरसात के समय जलभराव की समस्या से छुटकारा मिलेगा एवं आने-जाने में भी कम समय लगेगा। इधर, मेयर कोमल सैनी और पार्षद रजनी सुरेन्द्र गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि विधायक विज के नेतृत्व में शहर में निर्माण कार्यों की गति ने रफ़्तार पकड़ी है और शहर में तेजी से विकास कार्य हो रहे है। इस अवसर पर सचिन सिंगला, सतीश सहगल, बलवान सरोहा, पूर्व पार्षद जसमेर शर्मा, राजेश भारद्वाज, पार्षद रॉकी गहलोत, अजय शर्मा, पार्षद धर्मबीर कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### नशे विरोधी अभियान में किला थाना का सहयोग नहीं मिल रहा

**पानीपत।** नशा मुक्ति समाज सुधार समिति की बैठक हनुमान कॉलोनी में हुई। जिसकी अध्यक्षता एडवोकेट अजय सिंह ने की और मंच संचालन विजेंद्र स्वामी ने किया। समिति के संयोजक सतपाल राणा ने कहा कि हमारी समिति पिछले दो वर्षों से ग्रामीण हलके की बाहरी कॉलोनी में नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान चला रही है। जिसमें पुलिस और प्रशासन कोई भी सहयोग नहीं मिल रहा है, जबकि मुख्यमंत्री साइकिल रैली निकाल करके लोगों को नशे के प्रति जागृत कर रहे हैं। हमने पिछले वर्ष डीएसपी स्तर के बड़े अधिकारियों के साथ बाहरी कॉलोनी में नशे के खिलाफ कई बार प्रोग्राम किया परंतु आज किला थाना के मौजूदा प्रभारी हमारा सहयोग नहीं कर रहे हैं। इस अवसर पर सभा के वरिष्ठ उप प्रधान संतोष शर्मा, प्रताप गुर्जर, धर्मवीर रावल, पवन राणा, प्रदीप राणा, संजय एडवोकेट, विकास अग्रवाल, नफीस, मनोज जोगी व जसवीर राणा आदि उपस्थित रहे।

# आर्ट एंड क्राफ्ट में रोजगार की संभावनाएं

### *आईबी कॉलेज में गृह विज्ञान की तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ*



आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक, छात्राओं का हौंसला बढाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज द्वारा गृह विज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ. सीमा के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने किया। उन्होंने, विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आर्ट और क्राफ्ट एक ऐसा विषय है जिसके द्वारा हमें अपनी छिपी हुई प्रतिभा का पता चलता है। कार्यशाला के पहले दिन करवा चौथ त्यौहार के लिए थाली सजाना सिखाया गया। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि करवा चौथ की पूजा के दौरान थाली का विशेष महत्व है क्योंकि पूजा के दौरान महिलाएं थाली बदलती हैं। आप चाहें तो बाजार में बिकने वाली थाली भी खरीद सकते हैं लेकिन आप अपने हाथों से सजाई गई थाली अपनी माता, भाभी या बहिन को उपहार देते हैं तो बात ही कुछ और है। विभागाध्यक्षा डॉ. सीमा ने बताया कि छात्र-छात्राओं को विभिन्न सामग्री का इस्तेमाल करके विभिन्न तरीके से थाली सजाना सिखाया जा रहा है। वहीं, प्रबंधन समिति के महासचिव एलएन मिगलानी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में डॉ. अर्पणा गर्ग, डॉ. सुनीता ढांडा, अंशिका व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में यात्री निवास ,नीलकंठ होटल एवं पैराकीट में आयोजित पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता में किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने हरियाणा की संस्कृति, पर्यटन स्थलों, प्राकृतिक सुंदरता एवं ऐतिहासिक धरोहरों को चित्रों और रंगोली के माध्यम से सजीव रूप दिया। प्रतियोगिता में कक्षा 4 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिनमें संभव, नव्या सिवाच, विराज भट्ट, मन्नत सैनी (6वीं), जन्नत , सुनैना वर्मा, लवलीन कौर, मान्या, अर्नि (5वीं), जीना सैनी, युवी रोहिला, मनवीर सिंह, आरव राणा (8वीं), लविश (7वीं) एवं विधि (4वीं) ने अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरे। बच्चों को प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए कला अध्यापिका मनदीप कौर ने प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में राजपाल सिंह एजीएम, वीरेंद्र सिंह मैनेजर एवं ईश्वर सिंह सी.आई. हरियाणा पर्यटन विभाग , निदेशक चेष्टा सलूजा एवं मुख्याध्यापिका सुनीता रानी उपस्थित रहे।

## आर्य पीजी कॉलेज में कार्यक्रम हुआ

# हालात कोई भी हो अपने मनोबल उंचा रखें विद्यार्थी : डॉ. गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज में आट्र्स, साइंस, कंप्युटर साइंस, जनसंचार, टुरिज्म मैनेजमेंट व फैशन एवं इंटीरियर डिजाइन के विद्यार्थियों के लिए ओपी शिंगला सभागार में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता के साथ-साथ आर्ट व साइंस विभाग के प्राध्यापकों ने भी भाग लिया। विद्यार्थियों को कॉलेज पर बनी डॉक्यूमेंटरी दिखाई गई।



कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंगला, महासचिव कमल किशोर समेत सभी सदस्यों ने अपने संदेश में नए आए विद्यार्थियों का स्वागत किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने कहा कि जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढें।

### फोन का सदुपयोग करें

*डॉ. गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में विद्यार्थियों को पुस्तकालय के साथ-साथ मोबाईल का भी सदुपयोग करना चाहिए। गत वर्ष कॉलेज के प्रांगण में नई शिक्षा नीति की शुरूआत हुई। नई शिक्षा नीति में विद्यार्थी अब मेजर, माइनर, मल्टी डिसिप्लिनरी, वेल्यू एडिड, एबिलिटी इन्हांसमेंट और स्किल इन्हांसमेंट की पढाई करेंगे। इस अवसर पर कॉलेज की उपाचार्या डॉ.अनुराधा सिंह, डॉ. गीतांजली धवन, डॉ.बलकार सिंह, डॉ.अनिल वर्मा, डॉ.शिखा गर्ग, डॉ.विजय सिंह, डॉ. संतोष टिक्कु, डॉ.दिनेश गाहल्याण आदि मौजूद रहे।*

## जैन मंदिरों में श्री महामृत्युंजय विधान का भव्य आयोजन

# सुख और समृद्धि देती है सत्य की राह : सुनील

- पानीपत सभी सातों मंदिरों में धूमधाम से दसलक्षण पर्व मनाया गया



श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, जैन मोहल्ला में पूजन को आई महिला श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, जैन मोहल्ला में जैन धर्म के सबसे पवित्र दसलक्षण पर्व का पांचवें दिन सोमवार को उत्तम सत्य धर्म के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर जी में श्री महामृत्युंजय विधान का भव्य आयोजन हुआ। सर्वप्रथम श्रीजी का अभिषेक एवं शांति धारा संपन्न हुई उसके पश्चात नित्य नियम पूजन के साथ श्री महामृत्युंजय विधान का शुभारंभ हुआ। इधर, प्रधान सुनील जैन ने बताया कि भाद्रमाह शुक्ल नवमी को दिगंबर जैन समाज के दसलक्षण पर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म के रूप में मनाया गया। जिसका भावार्थ है कि झूठ बोलना बुरे कर्म में बढोतरी करता है, सत्य जो 'सत' शब्द से आया है जिसका मतलब है वास्तविक होना। उत्तम सत्य धर्म हमे यही सिखाता है कि आत्मा की प्रकृति जानने के लिए सत्य आवश्यक है और इसके आधार पर ही परम आनंद मोक्ष को प्राप्त करना मुमकिन है। अपने मन आत्मा को सरल और शुद्ध बना लें तो सत्य अपने आप ही आ जाएगा इसके साथ ही श्री दिगंबर जैन मंदिर जैन महोल्ला के साथ पानीपत सभी सातों मंदिरों में भी दसलक्षण पर्व मनाया गया।

### 250 वर्षों की परंपरा

सचिव मनोज जैन ने बताया कि कल सुगंध दशमी के पावन अवसर पर 250 वर्षों से चल आ रही प्राचीन परंपरा के अंतर्गत महाआरती (जोत) नगर भ्रमण यात्रा का आयोजन धूमधाम से होगा। वहीं, संध्या में माडल टाउन जैन मंदिर में महिला मंडल एंव श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में पारस ज्ञान संघ के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।



# सेक्टर पांच वेलफेयर एसोसिएशन चुनाव में सुनील दत्त शर्मा के पैनल ने मारी बाजी

**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर पांच में सेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में सुनील दत्त शर्मा के पैनल ने एक कड़े मुकाबले में सचिन गुप्ता के पैनल को हराया। चुनाव में प्रधान पद के लिए कुल डाले गए 470 वोटों में से सुनील दत्त शर्मा को 252 वोट मिले, जबकि सचिन गुप्ता को 213 वोट मिले। घोषित परिणामों में सुनील दत्त शर्मा पैनल के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। उपप्रधान पद के लिए लेख राज लाठर को 246 वोट मिले, जबकि दूसरे गुट के राधाकृष्ण नैन को 220 वोट मिले। सचिव पद के लिए दर्शन गुलाटी को 260 वोट मिले, जबकि दूसरे गुट के रमेश कुमार को 207 वोट मिले। सहसचिव पद के लिए श्याम लाल सैनी को 242 वोट मिले, जबकि मीना शर्मा को 220 वोट मिले।

## खबर संक्षेप



### कला उत्सव में छात्रों ने मचाया धमाल

**शहजादपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनाना में खंड स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी नरोतम कुमार के मार्गदर्शन एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजू बाला के नेतृत्व में किया गया। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों ने भाग लिया। रंगारंग प्रस्तुतियों ने निर्णायक मंडल एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल में नीलम शर्मा, संदीप, सुशील, अनु गुप्ता, मीना आर्य, नूतन, पूजा मोहन, पंकज लोहान, संदीप तथा करमवीर शामिल रहे। विजेताओं को बधाई एवं आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं दी। विजेताओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की सफलता में एबीआरसी, बीआरपी सहित विद्यालय परिवार का विशेष सहयोग सराहनीय रहा।

### चोरी मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज ई-रिक्शा बैटरी चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी निशू ,मनप्रीत सिंह व मुन्ना को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरीशुदा ई-रिक्शा बैटरी व वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि परिवादी हाकम सिंह ने 31 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह पंजाब से अपने रिश्तेदार के घर लक्ष्मी नगर जंडली मिलने आया था। यहां घर के बाहर से आरोपियों ने उसकी ई-रिक्शा की बैटरी चोरी कर ली थी । इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पसियाला में ब्लॉक स्तरीय हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार के दिशा-निर्देशन एवं नोडल अधिकारी निवेदिता के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता में ब्लॉक के विभिन्न संकुलों से आए विद्यार्थियों ने तीन वर्गों – कक्षा 4 से 5, कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 – में विभाजित होकर सात विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल ने पूरी निष्पक्षता व सहयोग से परिणाम घोषित किए।

### मसमारोह में मेधावियों को पुरस्कृत किया

**अंबाला।** सोमवार को माउंट कार्मल इंटरनेशनल विद्यालय काठेमाजरा, में अलंकरण समारोह एवम पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर छात्र परिषद की नियुक्ति की गई। इसमें आर्यन को हैड ब्वॉय तथा अंकिता को हेड गर्ल, विशेष को वाइस हेड ब्वॉय और वाइस हेड गर्ल के रूप में जैसमीन का नियुक्त किया गया।

### अकबरपुर में नशा मुक्ति पर रैली निकाली

**अंबाला।** सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर में नशा मुक्ति पर रैली निकाली गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम भारती ने इसकी अध्यक्षता की। इस दौरान गांव के लोगों को किसी भी प्रकार का नशा न करने के लिए जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे की हानियां बताई गई। उन्होंने छात्रों को नशा न करने की सलाह दी।

### रंजिशन मारपीट करने पर दो के खिलाफ केस

**जींद।** गांव कालवा में रंजिशन मारपीट करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों रोड जींद निवासी महेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कार्यवश गांव कालवा गया हुआ था।

---

मारकंडा-टांगरी व घग्गर नदी पानी का बहाव खतरनाक स्तर पर,रुक रुककर हो रही बरसात से जीवन अस्त व्यस्त, अफसरों की छुट्टियां रद्द

# नदिया उफान पर, कई गांवों में घुसा पानी, फसलों को नुकसान

## ट्विन सिटी की रिहायशी कॉलोनियों में भी जलभराव

नदियों के पानी से खेतों में उगी फसलों को भी नुकसान हो रहा है। लगातार हो रही बरसात की वजह से अफसरों को भी फील्ड में उतरना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लगातार हो रही बरसात की वजह से एक बार फिर बरसाती नदियां मारकंडा, टांगरी, घग्गर व बेगना में उफान आ गया। नदियों का पानी न केवल रिहायशी कॉलोनियों में घुसा बल्कि कई गांव भी इसकी चपेट में आ गए। नदियों के पानी से खेतों में उगी फसलों को भी नुकसान हो रहा है। लगातार हो रही बरसात की वजह से अफसरों को भी फील्ड में उतरना पड़ा। डीसी अजय सिंह तोमर खुद अधिकारियों के साथ प्रभावित इलाकों का दौरा कर रहे हैं। बरसात की वजह से जन जीवन भी बुरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया। बरसात के कारण छात्र स्कूल नहीं जा पाए। नौकरीपेशा लोगों को भी ड्यूटी पर जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। एक बार फिर ज्यादातर रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव हो गया।





अंबाला। ट्विन सिटी में जलभराव का दृश्य।

### मारकंडा-बेगना उफान पर

पहाड़ों पर हो रही बरसात की वजह से मारकंडा व बेगना नदी उफान पर है। इन नदियों का पानी कई गांवों में घुस गया। कई जगह किसानों की जमीन फसल समेत नदी में समा गई। बेगना में करीब 20 हजार क्यूसिक पानी दर्ज किया गया। जबकि मारकंडा नदी में करीब 45 हजार क्यूसिक पानी बह रहा है। मारकंडा नदी का पानी मुलाना के गांव हेमा माजरा में सड़कों के ऊपर से पानी बह रहा है। नदी के पानी से कई सड़कें भी नदियां बन गई हैं। इसकी वजह से फसलों को भी नुकसान हो रहा है।

### मलबे में दबे दो बच्चे

बिहटा गांव में सुबह से चल रही बरसात के बीच एक मकान की कच्ची छत गिरने पर महिला व उसके दो बच्चे मलबे में दब गए। सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे हुए इस हादसे में तीनों को बचा लिया गया है। ग्रामीणों ने शोर सुनने के बाद मलबे को हटाकर 35 वर्षीय महिला सुखविंद्र व उनकी आठ वर्षीय बेटी अमनीत व चार वर्षीय बेटे समरीक को बाहर निकालकर निजी अस्पताल में दाखिल करवाया। तीनों अब कैंट के नागरिक अस्पताल में दाखिल हैं।

### ग्रामीण परेशान

नारायणगढ़ क्षेत्र के गांव संगरानी के पास बरसाती नदी रूण भी ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन रही है। इस नदी की वजह से गांव में भूमि कटाव हुआ है। किसानों की जमीन फसल समेत नदी में समा गई। अब आबादी को खतरा है। रूण नदी चेचीमाजरा में भी नुकसान पहुंचा रही है। बेगना नदी की वजह से बनौंदी और भारांपुर की जमीन में रेत की परत बिछ गई है। कई जगह भूमि कटाव भी हुआ है। बैगना नदी कोहड़ा, फतेहपुर 80 और बतौरा गांव में नुकसान कर रही है। बतौरा में 6 एकड़ शामलात भूमि को नुकसान हुआ है।

### धीन के स्कूल में भरा पानी

**बराड़ा।** लगातार हो रही बरसात और नदियों के उफान पर होने से पानी गांव धीन के सरकारी स्कूल में भर गया। यहां हालात ये हो गए कि सभी कमरों-बरामदे में पानी पहुंचने पर टीचर और बच्चे एक कमरे ही में एकत्र हो गए, जो ऊंचाई पर है। अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। उनका कहना है कि प्रशासन को हालात को देखते हुए स्कूल में छुट्टी करनी चाहिए ताकि बच्चे सुरक्षित रहें।

### ट्विन सिटी में हालात बिगड़े

निरंतर हो रही बरसात के कारण अंबाला शहर व अंबाला छावनी में में कई जगह जलभराव हो गया। अंबाला शहर के जंडली, रेलवे अंडरपास, जगाधरी गेट, लक्ष्मी नगर, सेक्टर 9-10, कपड़ा बाजार और बीडीपीओ ऑफिस के सामने के इलाके पानी में डूब गए हैं। इंको रेलवे अंडरपास में पानी भरने के कारण कुछ देर के लिए उन्हें बंद कर दिया है।

---

# डीसी उतरे फील्ड में, बरसाती नदियों का किया मुआयना



अंबाला। घग्गर नदी का मुआयना करते डीसी व अन्य अधिकारी।

- रिहायशी कॉलोनियों से पानी निकासी के लिए जरुरी बंदोबस्त करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सोमवार को सुबह से हो रही बरसात को लेकर नगर निगम, जनस्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, एनएचएआई के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों के साथ घग्गर के साथ , अंबाला ड्रेन के जलस्तर का भी मुआयना किया। साथ ही उन्होंने बरसाती पानी की निकासी के लिए कार्यों की वास्तविकता भी देखी। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र लाठर, एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार, अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त दीपक सूरा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल व अन्य मौजूद रहें।

उपायुक्त ने बताया कि सुबह से ही तेज बारिश हो रही है। अभी घग्गर व अंबाला ड्रेन का जल स्तर खतरे के निशान से नीचे है। उन्होंने यह बात मानी कि कपड़ा मार्केट व नदी मोहल्ले में थोड़ा जल भराव है। इसके लिए निगम व जनस्वास्थ्य विभाग के पंपों के माध्यम से पानी निकासी का कार्य किया जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

इसी प्रकार उन्होंने अंबाला ड्रेन व शंभू बॉर्डर के नजदीक सिंचाई विभाग द्वारा जो बरसाती पानी को रोकने के लिए लगाए गए गेट को भी जांचा। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के सेक्टर-9 व 10 के बीच स्थापित टीपीएस, नसीरपुर में स्ट्रॉम वॉटर डिस्पोजल के साथ-साथ इन्को के नजदीक भी पानी निकासी के लिए किए जा रहे कार्य का भी जायजा लिया। इस मौके पर एसीयूटी राहुल कनवरिया, एसडीएम दर्शन कुमार, डीआरओ राजेश खयालिया, कार्यकारी अभियंता कृष्ण भुक्कल, कार्यकारी अभियंता संदीप कुमार, कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल, एनएचएआई से पुलकित, जनस्वास्थ्य विभाग से एसडीओ हरमिलाप, सिंचाई विभाग, रेलवे विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

---

# भूमि कटाव से कई गांवों में जलभराव का खतरा

- एसडीएम ने भूमि कटाव रोकने के लिए अधिकारियों को दिए बंदोबस्त करने के आदेश, ग्रामीणों को भी किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज नारायणगढ़

एसडीएम शिवजीत भारती ने सोमवार को विभिन्न नदियों के किनारों का दौरा कर पानी के बहाव एवं भूमि कटाव की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भूमि कटाव रोकने के लिए तुरंत मिट्टी व रेत से भरे बैग लगाकर अस्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



नारायणगढ़। एसडीएम शिवजीत भारती रूण नदी से कटाव का अवलोकन करती हुई।

एसडीएम ने गांव संगरानी का दौरा कर रूण नदी से हुए भूमि कटाव का अवलोकन किया। उन्होंने बीडीपीओं जोगेश कुमार, सरपंच रमन कुमार व ग्रामीणों से कहा कि नदी के पास रहने वाले लोग सतर्क रहें और यदि कटाव आबादी की ओर बढ़े तो प्रभावित परिवारों को तुरंत धर्मशाला में शिफ्ट किया जाए। साथ ही सरपंच को निर्देश दिए कि गांव में मुनादी कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति बारिश व तेज बहाव के दौरान नदी या उसके आसपास न जाए।

### मारकंडा व बेगना नदी क्षेत्र का किया दौरा

एसडीएम ने हिमाचल प्रदेश में स्थित गुरुद्वारा टोका साहिब के मार्ग का भी निरीक्षण किया। नदी से हो रहे कटाव के कारण इस मार्ग को खतरा उत्पन्न हो गया है। अभी केवल हल्के वाहनों को ही गुजरने की अनुमति है, लेकिन स्थिति बिगडने पर मार्ग को पूरी तरह बंद करना पड़ सकता है। उन्होंने गुरुद्वारा साहिब के सेवादारों से कहा कि वे इस संबंध में एसडीएम नाहन से बात करेंगी ताकि मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें। इस दौरान उन्होंने रूण नदी के साथ-साथ मारकंडा व बेगना नदी क्षेत्र का भी दौरा किया।

### ढीले तारों से दूरी बनाए रखें

बीडीपीओं जोगेश कुमार ने बताया कि नगला राजपूतान मौजा व मारकंडा नदी क्षेत्र के डेरे में सब्जी की खेती करने वाले तीन परिवारों को यहां से शिफ्ट किया गया है। बाढ़ एवं जलभराव से निपटने के लिए नारायणगढ़ तहसील कार्यालय में फ्लड कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसका हेल्पलाइन नंबर 01734-284002 है। कोई भी व्यक्ति जलभराव, बाढ़ या अन्य आपात स्थिति में तुरंत इस नंबर पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है। मौसम विभाग द्वारा अगले दो दिनों में संभावित भारी वर्षा होने के अलर्ट को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वे सतर्क रहें। अनावश्यक बाहर न निकलें। जलभराव और नालों-नदियों के पास न जाएं। बिजली के उपकरणों व ढीले तारों से दूरी बनाए रखें।

---

# बरसात का असर, ट्रेनों के पहिए ठहरे, देरी से पहुंच रही

- पंजाब में हो रही लगातार भारी बारिश के चलते प्रभावित हुआ
- बारिश के कारण ट्रेनें 2 से 6 घंटे तक लेट चल रही,यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पंजाब में हो रही लगातार भारी बारिश के चलते रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अमृतसर की ओर से आने वाली करीब एक दर्जन ट्रेनें सोमवार को देर से पहुंचीं जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण ट्रेनें 2 से 6 घंटे तक लेट चल रही हैं। अकाल तख्त एक्सप्रेस आधा घंटा, अमृतसर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ढाई घंटे, सचखंड एक्सप्रेस और दुर्गानिया एक्सप्रेस 4-4 घंटे, अमृतसर-दिल्ली एक्सप्रेस 5 घंटे, हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस साढ़े 4 घंटे, जनसेवा एक्सप्रेस 4 घंटे, पठानकोट-दिल्ली एक्सप्रेस 2 घंटे, अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस 4 घंटे और पश्चिम एक्सप्रेस भी 4 घंटे की देरी से चली। सीनियर डीसीएम नवीन झा ने बताया कि फिलहाल मौसम खराब चल रहा है जिस वजह से ट्रेनें लगातार लेट हो रहीं हैं। ट्रेनों को धीमी गति से निकाला जा रहा है। ताकि खराब मौसम में किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। मौसम ठीक होने के बाद जल्द ही संचालन दोबारा ठीक हो जाएगा।

---

# हरियोली में जगतगुरु उदासीनाचार्य बाबा श्रीचंद्र महाराज की जयंती मनाई

- पूजा-अरदास कर समाज के जनकल्याण की कामना की

हरिभूमि न्यूज बराड़ा

श्री मार्कंडेय ऋषि उदासीन आश्रम हरयोली में जगतगुरु उदासीनाचार्य बाबा श्रीचंद्र महाराज की 531वीं जयंती महोत्सव बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आश्रम संचालकता महंत जयंती दास उदासीन ने की। इस अवसर पर चेला महंत गुरजीत सिंह उर्फ ज्ञान मुनि ने कहा कि "सनातन धर्म एवं संस्कृति की रक्षा में बाबा श्रीचंद्र महाराज का योगदान अतुलनीय है, जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। हमें गुरु परंपरा का पालन करना चाहिए और धर्म की मर्यादाओं को आगे बढ़ाना चाहिए।" कार्यक्रम के दौरान बाबा श्रीचंद्र की पूजा-अरदास कर समाज के जनकल्याण की कामना की गई। श्री विग्रह का अभिषेक एवं श्रृंगार करने के बाद आरती व भोग लगाया गया। पंडित नितेश शर्मा द्वारा विधिवत हवन-पूजन संपन्न कराया गया। संकीर्तन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। सरबजीत सिंह, प्रधान नीरज चौहान तांडवाल आदि मौजूद रहे।



बराड़ा। बाबा श्रीचंद का आशीर्वाद लेते हुए श्रद्धालु।

---

# उफान पर मारकंडा, कई गांवों में घुसा पानी

हरिभूमि न्यूज : मुलाना

पहाडों में हुई मूसलाधार बारिश से मारकंडा नदी का सोमवार को रौद्र देखने को मिला । इस सीजन में तीसरी बार मारकंडा नदी ने खतरे के निशान 10 फीट को पार किया । सुबह से ही उफान पर बह रही मारकंडा नदी दोपहर करीब 2 बजे 10. 9 फीट पर 54437 क्यूसिक के रिकार्ड जलस्तर पर जा पंहुची । इससे मारकंडा नदी अपने रास्ते से ओवरफ्लो होकर खेतों के अंदर बहने लगी । कई एकड़ फसल पर खराब होने का खतरा मंडराने लगा है। शाम 5 बजे मारकंडा नदी का जलस्तर घटकर 9.4 फीट करीब 45566 क्यूसेक पर दर्ज किया गया । सुबह से लेकर शाम तक मारकंडा नदी भारी उफान पर बह रही थी। विभाग पल पल की स्थिति पर नजर बनाए था । कालाअंब बढ़ते जलस्तर के साथ ही मुलाना मारकंडा नदी के आसपास लगते गांव में अलर्ट कर दिया गया था । विभाग के अनुसार मारकंडा नदी का जलस्तर पहाड़ों में हुई बारिश पर निर्भर करता है।



मुलाना। मारकंडा नदी का दृश्य व नदी का मुआयना करने पहुंचे एसडीएम

### हेमामाजरा में घुसा पानी

मारकंडा नदी का पानी ओवरफ्लो होते हुए खेतों के रास्ते से हेमामाजरा गांव पंहुचा। यहां तेज बहाव के साथ यह पानी हेमामाजरा रोड़ और गांव की फिरनी के बहने लगा । इससे स्थानीय लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई । यह पानी यहां से होते हुए हेमामाजरा, सोहाना, घेलडी, तंदवाल, खानपुर व अन्य गांवों की फसलों को प्रभावित करता है। इस बार नदी का पानी कई बार गांव से गुजरने के कारण किसानों को काफी नुकसान होने की संभावना है।

### गांव गोला की गलियां फिर जलमग्न

उधर बेगना नदी में जलस्तर बढ़ने के चलते गोला गांव में फिर जलभराव की समस्या देखने को मिली । ग्रामीणों के अनुसार इस सीजन में करीब 10 बार गांव में बेगना नदी का पानी मार कर चुका है। इससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उधर सैहला गांव में मारकंडा नदी ने कई डेरों को अपनी चपेट में ले लिया । यहां से स्थानीय लोगों को ट्रैक्टर ट्रॉली से उन्हें सुरक्षित स्थान पर पंहुचाया । लोगों ने बताया कि इस बार मारकंडा नदी में काफी तेज बहाव से काफी पानी आया है।

---

*एसए जैन कॉलेज में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में बोले विस उपाध्यक्ष*

# पीएम के विकसित भारत के सपने के साकार करने में निभाएंगे जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के एसए जैन (पीजी.) कॉलेज में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री असीम गोयल ने शिरकत की। इस मौके पर श्री आत्मानंद जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रबंधक समिति, कॉलेज प्राचार्य और स्टाफ सदस्यों ने मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि व वशिष्ठ अतिथि ने शिक्षा, खेल, संस्कृति व अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न व नकद पुरस्कार देकर उनका प्रोत्साहित भी किया। विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने पारितोषिक वितरण समारोह में उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि पारितोषिक वितरण समारोह विद्यार्थियों के अनुशासन, परिश्रम, समर्पण और सफलता का दिवस है। इसके लिए छात्रों को उनकी शैक्षिक उपलब्धियों और प्रतिभाओं के लिए पुरस्कृत किया गया है ताकि ये विद्यार्थी भविष्य में अपनी प्रतिभाओं को निखारते लक्ष्य प्राप्त कर सकें। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प एवं सपने को पूरा करने में विद्यार्थियों का अहम योगदान होगा। उन्होंने कॉलेज गतिविधियों के विस्तार के लिए 7 लाख रुपये देने की भी घोषणा की।



अंबाला। छात्रों को सम्मानित करते विस उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा व पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो :हरिभूमि

### सांस्कृतिक कार्यक्र से लूटी वाह वाही

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करने वाले पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मां अंबा की इस पवित्र धरा पर मुख्य अतिथि का पहुंचने पर स्वागत किया और उपस्थित सभी छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए अपना आशीर्वाद भी दिया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को कहा कि जीवन में उन्होंने जो भी बनना है उसके लिए उन्हें मन से संकल्प लेना हैं। इसके लिए आपके संकल्प में ईमानदारी, दृढ़ता व सत्यता होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि इस कॉलेज के विद्यार्थी इस विद्या में कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रबंधक समिति के संयुक्त सचिव राजीव जैन ने मुख्य अतिथि डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा को उनके जीवन पर आधारित अभिनंदन पत्र भेट कर उनका स्वागत किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. आभा बंसल ने कॉलेज की गतिविधियों एवं उपलब्धियों बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस कॉलेज के विद्यार्थी कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में अग्रणी स्थान रखते हैं। समारोह में शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियां, एनएसएस और एनसीसी में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले लगभग 841 विद्यार्थियों को 6 लाख 77 हजार 845 रूपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इससे पहले कॉलेज के सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा कत्थक, हरियाणवी एकल नृत्य एवं भंगड़ा प्रस्तुत किया गया।